## हाई कोर्ट ने दी चेतावनी : अगली सुनवाई के दौरान बहस अनिवार्य

# ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक की अंतरिम राहत आगे नहीं बढ़ेगी

### भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय के पुत्र आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहने का प्रकरण



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी की याचिका की सुनवाई 16 जून तक के लिए बढ़ा दी है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि इस बीच याचिकाकर्ता के विरुद्ध भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट से जारी गिरफ्तारी वारंट पर रोक बरकरार रहेगी। हालांकि कोर्ट ने चेतावनी भरे लहजे में स्पष्ट किया है कि यदि अगली सुनवाई दौरान उनके पैरोकार बहस नहीं करते तो आवेदन पर गुण-दोषों के आधार पर विचार किया जाएगा और अंतरित राहत आगे नहीं बढ़ायी जाएगी।

दरअसल, मानहानि का केस आकाश विजयवर्गीय ने दायर किया है। नवंबर , 2020 में कोलकाता में आयोजित एक सभा में अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय के बेटे आकाश विजयवर्गीय को गुंडा कहा था। इस बयान को लेकर आकाश ने 2021 में मानहानि का मामला दर्ज कराया था। अभिषेक की ओर से याचिका दायर कर दलील दी गई थी कि वे वर्तमान में टीएमसी सांसद हैं और उनके फरार होने की संभावना नहीं है। मामले में आगे हुई सुनवाई पर आवेदक की ओर से समय दिए जाने की प्रार्थना पर न्यायालय ने उक्त निर्देश दिए।

### हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा, भोपाल का मामला

## भूमि सरकारी चरनोई थी तो किन परिस्थितियों में दी डायवर्सन की अनुमति

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल के भूमि डायवर्सन के मामले में पूर्व में दी गई अनुमतियों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि यह पता लगाएं कि जब भूमि को सरकारी चरनोई बताया जा रहा था, तब किन परिस्थितियों में अन्य व्यक्तियों को अनुमति दी गई। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने सरकार सहित सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर देकर छह माह के भीतर जांच पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। भोपाल निवासी निर्मला यादव की ओर से अधिवक्ता केके पांडे एवं सिद्धार्थ एस पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 1986 में ग्राम हिनोतिया आलम, तहसील हुजूर, जिला भोपाल स्थित खसरा नंबर 9/1/1/4/2 की लगभग 3 एकड़ भूमि पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से खरीदी थी। भूमि का नामांतरण भी याचिकाकर्ता के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया तथा भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका भी जारी की गई। इसके अतिरिक्त टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा उक्त भूमि को भोपाल विकास योजना 2005 में शामिल किया गया था। याचिकाकर्ता ने वर्ष 2012 में भूमि डायवर्सन की अनुमति के लिए आवेदन दिया, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया। बाद में हाईकोर्ट के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने आवेदन यह कहते हुए निरस्त कर दिया गया कि उक्त भूमि वर्ष 1959 के राजस्व रिकॉर्ड में "चरनोई/सरकारी भूमि" के रूप में दर्ज है। दलील दी गई कि उसी खसरा नंबर की अन्य भूमियों को पूर्व में विभिन्न व्यक्तियों एवं बिल्डरों के पक्ष में डायवर्सन की अनुमति प्रदान की जा चुकी है। इसलिए याचिकाकर्ता के आवेदन को अस्वीकार करना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

### ओएफके पेट्रोल पंप कर्मचारी हड़ताल पर

## वेतन बढ़ाने और पीएफ काटने की मांग




**जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) को-ऑपरेटिव सोसाइटी द्वारा संचालित पेट्रोल पंप सोमवार सुबह नहीं खुला। जानकारी लगते ही निर्माणी क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बाद में पता चला कि पेट्रोल पंप के कर्मचारी वेतन बढ़ाने, पीएफ कटौती और नियमितीकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें मात्र 10 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाता है और पेट्रोल पंप में होने वाले नुकसान की भरपाई भी उनके वेतन से काट ली जाती है। उनका कहना है कि कई बार असामाजिक तत्व बिना पैसे दिए पेट्रोल भराकर चले जाते हैं, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय प्रबंधन कर्मचारियों के वेतन से पैसे काट लेता है। कर्मचारियों ने बताया कि कई लोग पिछले 10 वर्षों से यहां काम कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें नियमित नहीं किया गया और न ही पीएफ की सुविधा दी गई। इसे लेकर लंबे समय से नाराजगी थी। हड़ताल की वजह से पेट्रोल वितरण व्यवस्था प्रभावित हो गई। इसके बाद आनन-फानन में मैनेजर और एक अन्य कर्मचारी को पंप संचालन के लिए भेजा गया, लेकिन हड़ताली कर्मचारी काम पर लौटने को तैयार नहीं हुए। वहीं सोसाइटी अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने कहा कि कर्मचारियों ने दो माह पहले मांगों को लेकर पत्र दिया था, जिस पर जनरल बॉडी मीटिंग में चर्चा होना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि वे फिलहाल शहर से बाहर हैं और वैकल्पिक व्यवस्था कर पेट्रोल पंप चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## आयुध निर्माणियों में कर्मियों की डीम्ड डेपुटेशन सेवानिवृत्ति तक बढ़ाने का आश्वासन

**जबलपुर।** नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक से आयुध निर्माणी कर्मचारियों के हित में एक निर्णय लिया गया। बैठक में कैबिनेट सचिव द्वारा आश्वासन दिया गया है कि आयुध निर्माणी कर्मचारियों की डीम्ड डेपुटेशन अवधि को उनकी सेवानिवृत्ति तक बढ़ाया जाएगा। यह निर्णय देशभर के हजारों आयुध निर्माणी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत, सुरक्षा और विश्वास का संदेश लेकर आया है। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ (बीपीएमएस) के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश सिंह ने यह महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए इसे कर्मचारियों की एकजुटता, संघर्ष और सतत प्रयासों की सार्थक सफलता बताया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर आयुध निर्माणी खमरिया कामगार यूनियन के प्रतिनिधियों रूपेश पाठक, राजेंद्र चारडिया, प्रेम लाल सेन, अरुण मिश्रा, अमित चौबे, सतिन शर्मा पंकज मिश्रा, संजय प्रधान ने समस्त कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### एनजीटी के आदेश की अनदेखी, अवमानना याचिका दायर

## कछपुरा मालगोदाम प्रदूषण से लोगों का जीना मुश्किल

**जबलपुर।** एक वर्ष पूर्व में नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल द्वारा सख्त निर्देश जारी करने के बावजूद भी कछपुरा मालगोदाम में सेंट्रल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित रेग्युलेशन का पालन नहीं किया गया, साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने न तो प्रदूषण की मॉनिटरिंग की न ही सुधार हेतु कदम उठाए। नतीजन कछपुरा मालगोदाम के आजू-बाजू में रहने वाले 50 हजार लोगों का जीना दूभर हो गया है। इसे देखते हुए डॉ पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल भोपाल में अवमानना याचिका दायर की है।



### कंसेंट ऑर्डर की शर्तों का पालन नहीं

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 5 अप्रैल 2023 को कछपुरा रेलवे गुड्स शेड हेतु कंसेंट ऑर्डर जारी किया था तथा वायु, ध्वनि आदि के प्रदूषण की शर्तों का पालन करने हेतु सख्त निर्देश दिए थे। किंतु इसे 3 वर्ष बीतने के बावजूद भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### जांच समिति का गठन करें

एड.प्रभात यादव तथा एड.तरुण रावत ने बताया कि इटारसी के मालगोदाम में ऐसी ही स्थितियां बनी थी, अतः एनजीटी ने जाच समिति गठित की थी, इसी के तर्ज पर कछपुरा मालगोदाम के बावद भी जांच समिति गठित करें।

## 40 वर्ष पुराना ट्रांसफार्मर इन-हाउस क्रियाकल्प पुनः क्रियाशील

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के इंजीनियरों ने अपनी तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए लगभग 40 वर्ष पुराने 132/33 के वी के 40 एमवीए क्षमता वाले पावर ट्रांसफार्मर का सफलतापूर्वक इन-हाउस रिकंडिशनिंग (क्रियाकल्प) कर उसे पुनः क्रियाशील बना दिया है। रिकंडिशनिंग के उपरांत इस ट्रांसफार्मर को इंदौर के 132 के वी सब स्टेशन सिवनी में स्थापित कर पुनः ऊर्जीकृत किया गया, जिससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिली है।



### ऊर्जा मंत्री ने की सराहना

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर इंजीनियरों की सराहना करते हुए कहा कि एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों द्वारा साइट पर ही सीमित संसाधनों में इस जटिल तकनीकी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करना उनकी विशेषज्ञता और अनुभव का प्रमाण है।इस तरह के प्रयास प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। इस पुराने ट्रांसफार्मर को पुनः रिकंडीशन कर ऊर्जीकृत करने में इंदौर के अधीक्षण अभियंता जयेश चोपड़ा का विशेष योगदान रहा। जिन्होंने इंदौर की टीम के साथ मिलकर उपलब्ध संसाधनों और तकनीकी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए इस चुनौती पूर्ण कार्य को अंजाम दिया। इस पहल से विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ेगी।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में मदर्स डे एवं समर कैंप का समापन

**बरेला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र बरेला के सभागार में बच्चों के नैतिक उत्थान हेतु आयोजित चार दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन एवं मातृत्व दिवस पर माताओ बहनों द्वारा समाज के विकास के लिए किया जा रहे योगदान हेतु सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरपंच भ्राताश्री आशीष शुक्ला, भ्राताश्री कृष्णा साहू, भ्राताश्री दिनेश सोनी एवं सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी अनीता बहन, ज्योति बहन,इंदौर से पधारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन,समाजसेवी श्रीमती संध्या साहू,श्रीमती वैशाली सोनी,श्रीमती भारती साहू ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। सबसे पहले माताओ बहनों का तिलक लगाकर, श्रीफल एवं दुपट्टा भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भ्राता आशीष शुक्ला ने विद्यार्थियों के द्वारा सीखी गई विधाओं एकाग्रता, परीक्षा के भय से मुक्ति, स्मरण शक्ति, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन पर प्रकाश डाला एवं माता बहनों के द्वारा समाज को सशक्त बनाने में किया जा रहे योगदान की सराहना की सेवा केंद्र की संचालिका बी. के. अनीता बहन ने वर्तमान समय में बच्चों के ऊपर बढ़ते बस्ते के बोझ एवं तनाव के लिए मेडिटेशन सीखने पर जोर दिया इंदौर से पधारी बीके ज्योति बहन ने समाज में बढ़ते अपराध के लिए माताओ द्वारा बच्चों को मूल्यों की शिक्षा प्रदान करते हुए अनुशासित करने के लिए कहा।



### जबलपुर में थ्री आर ऑन व्हील से मिटेगी अभाव की दूरी

## स्वच्छता के साथ सेवा का नया अध्याय

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर ने स्वच्छता के क्षेत्र में नवाचार की एक नई मिसाल पेश की है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा शुरू की गई थ्री आर ऑन व्हील पहल ने शहर में अपशिष्ट प्रबंधन को एक नई दिशा मिली है। अब शहरवासियों के घरों का बेकार सामान किसी जरूरतमंद के जीवन का आधार बन रहा है।



### आपके द्वार पहुँच रही निगम की सेवा

अक्सर घरों में पुराने कपड़े, जूते, किताबें और खिलौने जमा हो जाते हैं, जिन्हें कचरे में फेंकना मन स्वीकार नहीं करता। नागरिकों की इसी दुविधा को दूर करने के लिए निगम ने थ्री आर ऑन व्हील मोबाइल वाहन की शुरुआत की है। यह वाहन अब शहर के विभिन्न वार्डों और गलियों में पहुँचकर नागरिकों से सीधे उनकी अनुपयोगी लेकिन अच्छी स्थिति वाली वस्तुओं को एकत्रित कर रहा है।

### लैंडफिल का बोझ कम, चेहरों पर मुस्कान ज्यादा

उपयोग से कचरे की मात्रा में कमी आ रही है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है। एकत्रित की गई सामग्री को शहर के 13 प्रमुख थ्री आर केंद्रों जैसे ग्वारीघाट, दीनदयाल बस स्टैंड, हनुमानताल, और सिविक सेंटर आदि तक पहुँचाया जा रहा है। यहाँ से गरीब और जरूरतमंद परिवार आत्मसम्मान के साथ अपनी जरूरत का सामान ले जा रहे हैं। स्वच्छता की नई पहल, बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ के मंत्र ने नागरिकों को इस अभियान से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया है।

### थ्री आर केंद्रों का विस्तार

नगर निगम ने शहर के हर कोने को इस मुहिम से जोड़ने के लिए रणनीतिक रूप से केंद्रों का चयन किया है। त्रिपुरी वार्ड से लेकर रांझी और कांचघर से लेकर घंटाघर तक, ये 13 केंद्र अब दान और सेवा के सेतु बन चुके हैं। निगम प्रशासन का यह प्रयास सिद्ध करता है कि आधुनिक कचरा प्रबंधन केवल तकनीक नहीं, बल्कि एक संवेदनशील दृष्टिकोण भी है।

### शहर की बढ़ती साख

निगम की इस पहल से जबलपुर एक जिम्मेदार और संवेदनशील शहर के रूप में उभर रहा है। यदि नागरिक इसी तरह अपने घरों का अनावश्यक सामान कचरे में फेंकने के बजाय इस पहिए वाली सेवा को सौंपते रहे, तो जबलपुर न केवल स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष पर होगा, बल्कि अभावग्रस्त लोगों की मदद में भी अग्रणी बनेगा।

## महाकौशल कम्प्यूटर डीलर एसोसियेशन का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** महाकौशल कम्प्यूटर डीलर एसोसियेशन (एमसीडीए) की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आज 12 मई मंगलवार को होटल कृष्णा में रात 8 बजे से आयोजित किया गया है। अध्यक्ष अखिलेश चौबे, सचिव प्रकाश सिन्हा व सभी पदाधिकारियों ने अंचल के सभी कम्प्यूटर डीलरों से उपस्थिती की अपील की है।

## रोटरी क्लब संस्कारधानी के मेंटल वेलनेस सेमिनार में मिला मार्गदर्शन






**जबलपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित–पल्लवी जायसवाल की दूरदर्शी सोच एवं उत्कृष्ट भारत के निर्माण में सहयोगी युवा पीढ़ी भविष्य के श्रेष्ठ रोटेरियन" तैयार करने के संकल्प को साकार करने हेतु विद्यार्थियों के मानसिक विकास एवं उज्ज्वल भविष्य निर्माण की दिशा में विशेष मेंटल वेलनेस सेमिनार सम्पूर्ण डिस्ट्रिक्ट 3261 में आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जबलपुर में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम गत दिवस आयोजित किया गया।

### किशोरवय बच्चों को भावनाएं व्यक्त करने का दें पूरा अवसर : डॉ. ईला गुप्ता

रोटरी प्रीवेंशन कमेटी के तत्वावधान में पैरेंट्स एवं टीचर्स के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता सेमिनार का आयोजन जबलपुर के ज्ञानगंगा कॉलेज के एमबीए सेमिनार हॉल में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मध्य भारत की प्रसिद्ध काउंसलर एवं वरिष्ठ साइकोलॉजिस्ट डॉ. ईला गुप्ता ने कहा कि किशोरावस्था बच्चों के जीवन का अत्यंत संवेदनशील दौर होता है। इस दौरान बच्चे शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों से गुजरते हैं, जिन्हें वे कई बार स्वयं भी समझ नहीं पाते। ऐसे समय में अभिभावकों एवं शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया, रील्स एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने किशोरों के मन-मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डाला है। बच्चे लगातार स्वयं की तुलना दूसरों से करने लगते हैं और "मैं कैसा दिखता हूं", "लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं" जैसे प्रश्न उन्हें मानसिक तनाव की ओर ले जाते हैं। डॉ. गुप्ता ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को अपनी भावनाएं खुलकर व्यक्त करने का अवसर दें तथा उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनें।सेमिनार में यह भी बताया गया कि यदि बच्चे परिवार से दूरी बनाने लगें तो माता-पिता को घबराने के बजाय समझदारी एवं संवेदनशीलता से कार्य करना चाहिए। बच्चों को उचित स्वतंत्रता देने के साथ-साथ भावनात्मक सहयोग प्रदान करना भी आवश्यक है। कार्यक्रम की जानकारी रोटे नितिन जैन, डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मीडिया द्वारा बताया गया कि रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर संस्कारधानी एवं जबलपुर के समस्त रोटरी क्लबों के संयुक्त प्रयासों से विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी एवं मार्गदर्शक सत्र आयोजित हुआ। सेमिनार में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, तनाव प्रबंधन एवं बेहतर करियर मार्गदर्शन विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

## दिनेश कुमार कलामे ने अपर मंडल रेल प्रबंधक का पदभार संभाला

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (सम.) के पद पर कार्यरत रहे दिनेश कुमार कलामे ने जबलपुर रेल मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशासन एवं सामान्य)/जबलपुर के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। श्री कलामे भारतीय रेल संकेत एवं दूरसंचार सेवा (**IRSSE**) के वर्ष 2007 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने **B. Tech** (**EL & CE**) की शिक्षा प्राप्त की है तथा भारतीय रेल के विभिन्न मंडलों एवं रेल जोनों में संकेत एवं दूरसंचार विभाग के महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ सफलतापूर्वक प्रदान की हैं। अपने पूर्व कार्यकाल में उन्होंने वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (सम.)/भोपाल के अतिरिक्त **AGM/S&T/RVNL**/कोटा जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया है। अपने अनुभव, कार्यकुशलता एवं प्रशासनिक दक्षता के कारण वे रेलवे संगठन में एक कुशल एवं अनुभवी अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। जबलपुर रेल मंडल में पदभार ग्रहण करने के उपरांत दिनेश कुमार कलामे ने मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा सहित मंडल के अन्य शाखा अधिकारियों से भेंट कर परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल के अधिकारियों ने श्री कलामे से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया तथा नवीन दायित्व हेतु शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

## शादी से लौट रहे 2 युवकों पर अज्ञात बदमाशों ने किया चाकू से हमला

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत पनागर तहसील मोड़ के पास शादी समारोह से पैदल आ रहे चार लोगों को दो बाईकों में सवार होकर आए चार अज्ञात बदमाशों ने रास्ते में रोका और दो युवकों पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पनागर ले गए जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिए। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंग वार्ड देवरी पनागर निवासी 20 वर्षीय पवन केवट गत दिवस लकी कोल, वीर केवट और छोटू उर्फ दिव्यांश के साथ देवरी बजरंग वार्ड में हो रही शादी समारोह मे शामिल होने के बाद पैदल बरझाई जा रहे थे जैसे ही पनागर तहसील मोड़ के पास रात लगभग 12.30 बजे पहुँचे तभी पीछे से दो मोटर सायकल में दो अज्ञात व्यक्ति आए और चारों को रोककर गाली गलौज कर जान से मारने की नीयत से पवन और लकी कोल पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296 ए, 126(2), 115(2), 109(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## चालू वित्तीय वर्ष के एक माह में पकड़े गए 67. 70 हजार से अधिक अनियमित रेल यात्री



**हरिभूमि जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में संचालित सघन टिकट जाँच अभियान के उत्कृष्ट परिणाम सामने आए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के एक माह (1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026) के दौरान वाणिज्य विभाग की टीम ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए कुल 67.70 हजार से अधिक अनियमित/बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा, जिनसे कुल 520.51 लाख रुपये का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के प्रभावी मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में निरंतर और लक्षित जाँच अभियान चलाए गए। इन अभियानों में यात्री सुरक्षा, राजस्व संरक्षण तथा अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

**टिकट जाँच अभियान से जबलपुर मंडल को प्राप्त हुआ 520.51 लाख रुपये का राजस्व**

# सिहोरा आगमन पर शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# बालक हायर सेकेण्डरी विहीन हो जायगा सिहोरा

## किसी भी एक माध्यमिक को उन्नत कर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोषित करने की मांग

**सिहोरा।** नगर में लगभग डेढ शताब्दी से पंडित विष्णू दत्त शुक्ल के नाम से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित संस्थान जिसने क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है शासन द्वारा उक्त विद्यालय को उन्नत करते हुए संदीपनी विद्यालय के रूप में विकसित किया जाना निश्चित ही अत्यंत सराहनीय एवं दूरदर्शी कदम है इससे शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा विद्यार्थियों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे । किन्तु विद्यालय को सिहोरा से लगभग 8 किलोमीटर दूर खितौला में मंझगवा वाई पास के समीप नये भवन में स्थानांतरित किए जाने से सिहोरा नगर बालक हायर सेकेण्डरी विहीन हो जायेगा।

### चार-चार मिडिल स्कूल हायर सेकण्डरी एक भी नहीं

वर्तमान में सिहोरा नगर में पीएम श्री कुररिया शाला, हिन्दी स्कूल,गढ़ियापुरा स्कूल,बी डी स्कूल के अलावा आस



पास की ग्रामीण शाला के छात्रो के लिऐ 8 वीं तक की शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात हायर सेकेण्डरी की शिक्षा प्राप्त करने का एक मात्र विकल्प विष्णु दत्त हायर सेकेण्डरी स्कूल था।लेकिन उसे शाशन ने संदीपनी विद्यालय के रूप में उनन्त कर दिया।जिसके चलते सिहोरा नगर हायर सेकण्डरी शाला विहीन हो गया है। एवं सीमित स्थान प्रवेश व्यवस्था लागू होने से सिहोरा नगर एवं आसपास के सामान्य एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बालक विद्यार्थियों के समक्ष उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है ।

### विकल्प पर शासन करे विचार

वर्तमान स्थिति में सिहोरा नगर में स्थानीय विद्यार्थियों हेत कोई भी शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी विद्यालय उपलब्ध नहीं रह जाएगा जिससे विशेष रूप से आर्थिक कमजोर बालको की शिक्षा प्रभावित होने की आशंका है।छात्र हित में सिहोरा स्थित सूरज प्रसाद कुररिया पी एम श्री माध्यमिक विद्यालय अथवा पूर्व माध्यमिक शाला हिन्दी स्कूल को माध्यमिक से उन्नत कर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोषित करते हुए उसे पंडित विष्णुदत्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के रूप में संचालित करने से स्थानीय विद्यार्थियों को नगर में ही उच्च शिक्षा की निरंतर सुविधा उपलब्ध रह सकेगी तथा वर्षों पुरानी शैक्षणिक विरासत भी अक्षुण्ण बनी रहेगी ।

### शिक्षा मंत्री से की मांग

नगर में हायर सेकेण्डरी स्तर की शिक्षा व्यवस्था वहाल रखने गत दिवस शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह के बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे के सिहोरा स्थित निवास पर प्रवास के दौरान नगर के अभिभावकों सहित गणमान्य नागरिकों ने विधायक पांडे के नेतृत्व में भेंट कर जटिल परिस्थिती से अवगत कराते हुए नगर में संचालित किसी एक स्कूल को हायर सेकेण्डरी में उनन्त करने की मांग की है।



## जैन महिला परिषद ने मां एक अनोखा उपहार थीम पर आयोजित की ड्राइंग प्रतियोगिता

**सिहोरा।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा के द्वारा पंचायती जैन मंदिर में मातृ दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण से किया गया सभी पदाधिकारियों का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रांतीय चेयरपर्सन नीतू सिंघई ने मदर्स डे पर मां एक अनोखा उपहार के अंतर्गत बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी बच्चों के द्वारा बहुत ही अच्छे पोस्टर बनाए गए एवं फर्स्ट,सेकंड,थर्ड व सांत्वना प्राइज दिए गए एवं महिलाओं के लिए काव्य पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बहनों ने मां शब्द पर बहुत ही बढ़िया कविता बोली कविताएं बोलने वाली सभी बहनों को भी मातृ दिवस पर उपहार दिए गए। परिषद की विशिष्ट अधिकारी निशा जैन,संरक्षिका किरण जैन,विजया जैन,प्रांतीय चेयरपर्सन मुक्ता सिंघई,संगीता सिंघई,अनीता पटेरा,जयश्री जैन,आशा जैन,अध्यक्ष संध्या जैन,सचिव रानी जैन,कोषाध्यक्ष दीप्ति जैन एवं सारिका,सुधा,अनीता, नीतू, रूपाली, किरण, ऊषा, अल्पना, ममता, प्रज्ञा, शालिनी, सरिता आदि ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

## लम्हेटाघाट में 1:00 बजे के बाद नौकायन पर की गई कार्रवाई

**भेड़ाघाट।** अनुविभागीय अधिकारी एस, डी, एम, अनुराग सिंह गोरखपुर जबलपुर के निर्देशानुसार लम्हेटाघाट नोकायान संचालन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि निर्धारित समय 1.00 बजे के बाद भी नाविक जगन यादव द्वारा नाव का संचालन किया जा रहा था साथ ही 4 से 5 पर्यटकों को बिना लाइफ जैकेट के नौकायान कराया जा रहा था। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा नाविक जगन यादव के विरुद्ध धारा 151 के तहत थाना भेड़ाघाट में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करने हेतु पत्र प्रषित किया गया तथा लम्हेटाघाट नावघाट प्रभारी आकाश ठाकुर को लापरवाही करने हेतु 07 दिवस का वेतन अवेतनिक के निर्देश दिए गए एवं समस्त घाट प्रभारीयों को अंतिम रूप से हिदायत दी गई कि इस प्रकार की पुनरावृति की जाती है तो संबंधितों पर कठोर से कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जावेगी।

## सांसद आशीष दुबे द्वारा विद्यासागर दुबे सम्मानित

**भेड़ाघाट।** बिल्हा ग्राम पंचायत में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में जबलपुर सांसद आशीष दुबे द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता विद्यासागर दुबे को सम्मानित किया गया जिसमें सरपंच और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## सांसद आशीष दुबे ने ग्राम पंचायत प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों से किया संवाद

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक अभियान के अंतर्गत जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने सोमवार को बरगी विधानसभा के मेढ़ाघाट मंडल अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का प्रवास कर ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया। ग्राम पंचायत प्रवास कार्यक्रम के तहत सांसद दुबे ने पड़ुआ, पिपरिया, कूड़न, बिल्हा, सिहोदा, लामी, गडर पिपरिया, ज्वाप, कैथरा, सहजपुर, बंधा एवं बिलखरवा ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा ग्रामीणों की समस्याएं एवं सुझाव सुने। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गांव, गरीब,



किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रवास कार्यक्रम के दौरान नीरज सिंह विधायक बरगी, राजकुमार पटेल जिलाध्यक्ष,श्रीमति आशा गौंटिया जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमति चंद्रकिरण गोस्वामी जनपद अध्यक्ष जबलपुर; सुखराम पटेल वरिष्ठ नेता, शारदा दुबे वरिष्ठ नेता, आशीष पटेल, राजेश दाहिया, हरि सिंह,श्रीमति अल्का गर्ग, सुनीता दाहिया, संदीप शुक्ला, विश्वजीत सिंह तोमर, अमित बघेल गुर्जर, किशोर सिंह, नीता जैन, नीलू बाजपेयी, ओम दुबे, अखिलेश नामदेव, अतुल त्रिपाठी, दिनेश पटेल, मनोज पटेल, प्रदीप पटेल गिरीश पटेल, संदीप पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## महाप्रबंधक ने रानी कमलापति एवं निशातपुरा स्टेशनों का किया निरीक्षण

### निरीक्षण के दौरान जोनल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट एवं वंदेभारत कोचिंग डिपो के कार्य की गुणवत्ता जाँची

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह, भोपाल मण्डल निरीक्षण दौरे पर 11 मई 2026 को रानीकमलापति रेलवे स्टेशन, जोनल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, वंदेभारत कोचिंग डिपो एवं निशातपुरा रेलवे स्टेशन और मण्डल के कन्ट्रोल ऑफिस का गहन निरीक्षण किया। जीएम श्री सिंह द्वारा डीआरएम एवं संबंधित अधिकारी के साथ निरीक्षण के दौरान रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर यात्री विश्रामालय, एस्लेटर, स्टेशन कंट्रोल रूम (सीसीटीवी कक्ष) का निरीक्षण, साथ ही गहनता से प्रजंटेशन के माध्यम से रानी कमलापति स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। यात्री सुविधाओं में विस्तार एवं स्टेशन पर संरक्षा से सम्बंधित रेलवे नियमों को प्रमुखता से पालन



सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निशातपुरा में 24.79 करोड़ की लागत से नवनिर्मित मल्टी डिसेपनरी जोनल रेलवे इंस्टिट्यूट के क्लासरूम, माडल रूम, आडोटोरियम ब्लाक का निरीक्षण कर जायजा किया और यह निर्देश दिए गए कि सभी शेष कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। इस ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में आगामी माह में रेलवे कर्मचारियों जैसे- लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, इंजीनिरिंग, वाणिज्य एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों को प्रारंभिक एवं रिफ्रेसर कोर्स का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

## हितकारिणी कॉलेज रोड पर रोज लग रहा जाम, लोगों ने मांगा स्थायी समाधान

**जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर एक बार फिर नागरिकों में नाराजगी देखने को मिल रही है। सुबह से लेकर शाम तक करमचंद चौक से हितकारिणी कॉलेज होते हुए ओमती मार्ग तक जाम की स्थिति आम हो गई है। खासतौर पर हितकारिणी कॉलेज के सामने सड़क किनारे लगने वाली दुकानों और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण और दुकानों के आगे तक फैल जाने से वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। स्कूल-कॉलेज के समय हालात और अधिक खराब हो जाते हैं। कई बार एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं से जुड़े वाहन भी जाम में फंस जाते हैं।नागरिकों ने आरोप लगाया कि नगर निगम और यातायात पुलिस शहर के अन्य हिस्सों में अभियान चलाती है, लेकिन करमचंद चौक से हितकारिणी कॉलेज रोड तक व्यवस्था सुधारने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे अवैध कब्जों और बेतरतीब पार्किंग के कारण पूरा मार्ग संकरा हो गया है।क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों ने नगर निगम एवं यातायात प्रशासन से मांग की है कि करमचंद चौक से ओमती तक विशेष यातायात प्लान तैयार किया जाए साथ ही नियमित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, नो-पार्किंग व्यवस्था और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

### स्वच्छता की 'पंच' का जश्न

## केंट विधायक ने सफाई मित्रों के साथ बैठकर किया भोजन

**जबलपुर।** नगर निगम के सुभाषचंद्र बनर्जी वार्ड द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार पांच वर्षों से प्रथम स्थान प्राप्त करने के गौरवशाली उपलक्ष्य में आज एक विशेष सम्मान समारोह सिंघई पैलेस सिविल लाइन में आयोजित किया गया।इस अवसर पर केंट विधानसभा के विधायक अशोक रोहाणी ने स्वच्छता के असली नायकों सफाई मित्रों के साथ न केवल समय बिताया, बल्कि उनके साथ बैठकर भोजन ग्रहण कर समरसता का संदेश दिया।

सफाई मित्रों के सम्मान और उत्साहवर्धन कार्यक्रम के दौरान विधायक ने वार्ड को स्वच्छता में नम्बर-1 बनाए रखने के लिए सफाई मित्रों के कठन परिश्रम और समर्पण की सराहना की। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को पुरस्कृत भी किया। इस कार्यक्रम में वार्ड के विकास और स्वच्छता अभियान को गति देने वाले प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष आशीष राव, पार्षद श्याम कनौजिया, अभिषेक पाल, ज्योति रेड्डी, अंकित फ्रांसिस उपस्थित रहे। अंत में विधायक ने सफाई मित्रों का आभार व्यक्त किया। वार्ड के नागरिकों न भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी स्वच्छता के इस कीर्तिमान को बनाए रखने का संकल्प लिया।

### युवा जोश और जन-भागीदारी से चमकेगी संस्कारधानी

## नगर निगम ने स्वच्छ टुलिप इंटर्न्स का किया स्वागत

**जबलपुर।** स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, नगर निगम ने आज विकास और नवाचार की एक नई इबारत लिखी है। निगमाध्यक्ष रिंकुंज विज और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की उपस्थिति में जहाँ अनुभव को सम्मानित किया गया, वहीं युवाओं की नई सोच को शहर के विकास से जोड़ा गया। शहर को स्वच्छ बनाने में व्यक्तिगत प्रयासों की भूमिका को रेखांकित करते हुए, स्वच्छता चैंपियन शैलवी धूसिया को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए निगमाध्यक्ष रिंकुंज विज एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कहा कि शैलवी जैसे जागरूक नागरिक ही संस्कारधानी के असली



गौरव हैं। आपकी मेहनत दूसरों के लिए प्रेरणा है। स्वच्छ टुलिप युवाओं को मिला जमीनी अनुभव का मौका

भारत सरकार के द अर्बन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम (TULIP) के तहत नवनियुक्त इंटर्न्स को औपचारिक रूप से ऑफर लेटर सौंपे गए। ये युवा अब जबलपुर के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रोजेक्ट का हिस्सा बनेंगे।

इंटर्न्स कचरा पृथक्करण और प्रसंस्करण की आधुनिक तकनीकों पर काम करेंगे। युवाओं की टोली आगामी सर्वेक्षण की तैयारियों में निगम का हाथ बटाएगी। स्नातक युवाओं को शहरी प्रशासन और ग्राउंड लेवल की चुनौतियों को समझने का अवसर मिलेगा। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने इस मौके पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की नवीन सोच और तकनीक के मेल से शहर की स्वच्छता व्यवस्था को एक नई गति और दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में उपायुक्त संभव अयाची और स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# स्वच्छता फीडबैक के लिए टीम के साथ होम साइंस कॉलेज पहुँचे निगमायुक्त आरपी अहिरवार

### कॉलेज के प्राचार्य के साथ 500 से अधिक बेटियों ने स्वच्छता अभियान में भागीदारी कर शहर का मान बढ़ाने दिया सकारात्मक फीडबैक

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर को स्वच्छता के पहले पायदान पर पहुँचाने के प्रयासों ने अब जन-आंदोलन का रूप ले लिया है। इसी क्रम में आज निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार अपनी टीम के साथ शासकीय होम साइंस कॉलेज पहुँचे, जहाँ कॉलेज की छात्राओं और प्रबंधन में स्वच्छता के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला।

### बेटियों ने बढ़ाया शहर का मान

कॉलेज के प्राचार्य की उपस्थिति में 500 से अधिक छात्राओं ने न केवल स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की, बल्कि सर्वेक्षण के संबंध में अपना सकारात्मक फीडबैक भी दर्ज कराया। छात्राओं ने शहर की





सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि वे स्वयं और अपने आस-पास के लोगों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करेंगी, और स्वच्छता फीडबैक के लिए अनुरोध करेगें।

निगमायुक्त ने बताया कि युवा शक्ति जब किसी अभियान से जुड़ती है, तो उसकी सफलता सुनिश्चित हो जाती है। होम साइंस कॉलेज की छात्राओं का यह सकारात्मक रुख स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में जबलपुर को अव्वल बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक श्रीमती अगस्ते और आई.ई.सी. की टीम आदि उपस्थित रहे।




**श्रीमती स्नेहलता सक्सेना-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री ओम प्रकाश सक्सेना की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता सक्सेना (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती परमजीत कौर सैनी-** पुष्पकुंज कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्री दर्शन सिंह सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती परमजीत कौर सैनी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम दयाल सिंगरहा-** बीटी तिराहा सिंगरहाना मोहल्ला गढ़ा निवासी श्री राम दयाल सिंगरहा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र सिंह ठाकुर-** भानतलैया हनुमानताल वार्ड निवासी श्री महेंद्र सिंह ठाकुर (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई दुबे-** रीवा कॉलोनी छापर रामपुर निवासी श्री भजन लाल दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई दुबे (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूक्मणी बाई कोल-** पान उमरिया बम्हनी बंजर कटनी निवासी श्री नरेंद्र कोल की धर्मपत्नी श्रीमती रूक्मणी बाई कोल (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सविता विनोदिया-** तीस बैरक पूर्व शीला टाकीज के पास दूसरा पुल निवासी श्री सुरेश कुमार विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती सविता विनोदिया (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंद्र कुमार दुबे-** मप्र हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर निवासी श्री इंद्र कुमार दुबे (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362160

# मप्र में हुआ देश में सर्वाधिक 10 लाख से अधिक किसानों से गेहूं का उपार्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश में गेहूं उपार्जन के मामले में मध्यप्रदेश अब लगातार आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष पंजाब के बाद सर्वाधिक गेहूं उपार्जन मप्र में होने जा रहा है। मप्र में अब तक 10 लाख से अधिक किसानों से 63 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। प्रतिदिन लगभग 5 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। शनिवार 9 मई को ही 4 लाख 86 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हुआ है। उपार्जन की गति से स्पष्ट है कि 23 मई तक लगभग 100 लाख मीट्रिक टन के लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन लक्ष्य को केन्द्र सरकार की ओर से 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। गेहूं का उपार्जन 23 मई तक किया जाएगा। अभी तक 14 लाख 83 हजार किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग कराई है। किसानों को 11623.43 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है।

**खास बातें**

- प्रतिदिन हो रहा लगभग 5 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन
- पंजाब के बाद सर्वाधिक गेहूं उपार्जन करेगा मध्यप्रदेश
- अभी तक 63 लाख मीट्रिक टनक हुआ गेहूं उपार्जन


फाइल फोटो।

## मुख्यमंत्री कर रहे हैं सतत निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में हो रहे गेहूं उपार्जन की सतत मॉनिटरिंग कर रहे है। वे स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण भी कर रहे हैं। उन्होंने स्वयं तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया है। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूँ के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली जा रही है। मुख्यमंत्री के इन औचक निरीक्षण से उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाएं और अधिक अनुकूल और सहज हो रही हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

### मध्यप्रदेश में हो रहे सर्वाधिक किसान लाभान्वित

इन आंकड़ों के मुताबिक हरियाणा में अभी तक 9.10 लाख किसान, पंजाब में 7.5 लाख किसान, उत्तर प्रदेश में 2 लाख किसान और राजस्थान में 1.67 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। वहीं मध्यप्रदेश में अभी तक 10 लाख से अधिक किसान उपार्जन प्रक्रिया में लाभान्वित हो चुके हैं।

## 16-17 को होगा भाजपा का जिला प्रशिक्षण वर्ग

**भोपाल।** भोपाल नगर भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर प्रदेश भाजपा कार्यालय स्थित मीडिया सेंटर में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 अंतर्गत 16 एवं 17 मई को सन स्काई गार्डन, कोलू खेड़ी सीहोर रोड पर आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने कहा कि संगठन की रीति-नीति, विचारधारा एवं कार्यपद्धति को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाला पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग में अनुशासन, व्यवस्थाओं एवं कार्यकर्ता सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम सफल एवं प्रेरणादायी बन सके। बैठक में प्रशिक्षण वर्ग में व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए तथा आवास, भोजन, सुरक्षा, मंच, पंजीयन, चिकित्सा एवं अनुशासन व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

- प्रदेश भाजपा कार्यालय के मीडिया सेंटर में हुई तैयारियों को लेकर बैठक
- संगठन की रीति-नीति, विचारधारा, कार्यपद्धति को मजबूती देना बैठक का उद्देश्य

### अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास, 4 मिलियन टन सीमेंट का होगा उत्पादन

# गुना क्षेत्र में सीमेंट निर्माण इकाई से डेढ़ हजार लोगों को मिलेगा रोजगार: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर जोर दिया जा रहा है। मप्र सरकार युवाओं के लिए रोजगार को प्राथमिकता देते हुए किसानों, महिलाओं और गरीबों के साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए सक्रिय है। पर्यटन और पशुपालन के क्षेत्र में प्रदेश महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त करेगा। गुना क्षेत्र में सीमेंट निर्माण इकाई से डेढ़ हजार लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। अडाणी समूह की ओर से 32 हैक्टेयर भूमि पर इस इकाई की स्थापना के फलस्वरूप 4 मिलीयन टन सीमेंट उत्पादन होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को गुना जिले में अम्बुजा सीमेंट फैक्ट्री के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास, अधोसंरचनात्मक सुदृढ़ीकरण और रोजगार सृजन को नई गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विकास कार्यों से गुना जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को बेहतर सेवाओं का लाभ मिलेगा।

**खास बातें**

- सभी तरह के उद्योगों की स्थापना पर दिया जा रहा जोर
- प्रथम चरण में किया 1060 करोड़ रुपए का निवेश
- आधारभूत सुविधा बढ़ने से लोगों को मिलेगा लाभ


अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री।

### मप्र में औद्योगिक क्षेत्र हो रहा सशक्त

उद्योगपति प्रणव अदाणी ने कहा कि मप्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से विकास को नई रफ्तार मिली है। अधोसंरचना, लॉजिस्टिक, ट्रांसपोर्ट और अन्य सुविधाओं से मध्यप्रदेश में उद्योग क्षेत्र की मजबूती सुनिश्चित की जा रही है। पिछले वर्ष भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अदाणी समूह के चेयरमेन गौतम अदाणी ने एक लाख हजार करोड़ से अधिक निवेश का संकल्प व्यक्त किया था, जिसे साकार करने के लिए सीमेंट इकाई की आधारशिला रखी जा रही है। प्रथम चरण में एक हजार 60 करोड़ का निवेश किया जा रहा है, जो आगामी चरणों में तीन गुना से अधिक होगा। अदाणी ने मप्र में कटनी, कैमोर सहित अन्य क्षेत्रों में सीमेंट और अन्य इकाइयों की स्थापना की पहल की गई।

### कृषि वर्ष में प्रदेश में समृद्धि के प्रयास किए तेज

खाद्य मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश में विकास का पहिया तीव्र गति से घूम रहा है। उद्योग वर्ष के बाद कृषि वर्ष में प्रदेश में समृद्धि के प्रयास तेज किए हैं। परियोजनाओं के लिए जिन किसानों की भूमि ली जाएगी उन्हें चार गुना मुआवजा देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश में भारत सरकार से अनुमति प्राप्त करने के बाद 78 लाख मीट्रिक टन के स्थान पर 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। किसानों को उनकी मेहनत की पूरी कीमत दी जा रही है। कार्यक्रम में जिले के विधायकगण और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सीएम साय ने किया भगवान शिव का रुद्राभिषेक

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के महादेवघाट स्थित हटकेश्वरनाथ मंदिर में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान दिवस मनाया गया। इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। महादेवघाट मंदिर परिसर बैठकर सोमनाथ मंदिर से जुड़े कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि आज ही के दिन 75 वर्ष पहले सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ था। उन्होंने कहा कि इतिहास में कई बार सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण हुए, लेकिन मंदिर की आस्था और अस्तित्व कभी नहीं डगमगाया। महमूद गजनवी के आक्रमण का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय मंदिर के पुजारियों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी, लेकिन मंदिर नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति को नई मजबूती मिल रही है और लोग गर्व के साथ स्वयं को सनातनी कह रहे हैं।



### रावतपुरा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में कहा

## बूथ जीता तो समझें चुनाव जीता इसलिए संपर्क रखें: डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत भिंड जिले का प्रशिक्षण वर्ग के लहार तहसील स्थित रावतपुरा धाम में आयोजित हो रहा है। वर्ग के तृतीय सत्र में बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नितेश शर्मा ने बूथ पर करणीय कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, बूथ पर तीन प्रकार के करणीय कार्य रहते हैं इनमें पहला सामाजिक कार्य, दूसरा संगठनात्मक कार्य, तीसरा चुनावी कार्य। बूथ स्तर पर संगठनात्मक अनुशासन पन्ना प्रमुख एवं कार्यकर्ताओं की सक्रियता जिससे पार्टी की स्थाई एवं प्रभावी उपस्थिति होती है।

बूथ स्तर पर मतदाता, लाभार्थी, युवा मतदाता एवं महिला मतदाता और नव मतदाताओं एवं की वोटर्स से लगातार संपर्क में रहना चाहिए, बूथ पर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों के माध्यम से बूथ पर रहने वाले मतदाताओं तक पहुंचें। हम सभी को यह ध्यान भी रखना चाहिए की जो बूथ कमजोर हैं उन बूथ पर हमारा मतदान प्रतिशत अधिक हो एवं बूथ समिति पन्ना प्रमुखों की बैठक संगठन के सुदृढ़ीकरण के लिए नियमित बैठक हो एवं अपने कार्य की समीक्षा हो, बूथ पर बाल राइटिंग से लेकर टिफिन बैठक एवं मतदाताओं से संपर्क संवाद और उनके सुख-दुख में भी सभी सम्मिलित रहे हैं।


डॉ. नितेश शर्मा।

### 'मन की बात' जनसंवाद, जुड़ाव का प्रयास

शर्मा ने मन की बात पर विषय रखते हुए कहा प्रधानमंत्री का रेडियो, दूरदर्शन के माध्यम से सीधे देशवासियों से संवाद करना सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को मिटाना सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करना और नागरिकों को विकास एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का माध्यम है। यह कार्यक्रम जनसंवाद, जुड़ाव, नागरिक भागीदारी, प्रेरणा एवं सशक्तिकरण का सामूहिक प्रयास है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 अक्टूबर 2014 विजयदशमी से मन की बात का कार्यक्रम शुरू किया अभी तक 132 एपिसोड हो चुके हैं। उन्होंने देश के विभिन्न सामाजिक, संस्कृतिक आर्थिक मुद्दों एवं समाज क्षेत्र में काम करने वाले प्रमुख व्यक्तियों की चर्चा इस प्रसारण के माध्यम की। विद्यार्थी, किसान, मजदूर, युवा, मातृशक्ति, कामगार सर्वहारा वर्ग के बीच में मन की बात का कार्यक्रम आज अति लोकप्रिय कार्यक्रम हो गया है। हम सभी को भी बहुत स्तर पर मन की बात का कार्यक्रम भिन्न-भिन्न श्रेणियां के साथ प्रतिमाह सुनना चाहिए एवं बाद के तीस मिनट इस विषय को लेकर एवं बूथ के सशक्तिकरण को लेकर चर्चा करनी चाहिए।

### कर्मचारियों से बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली

## ऊर्जा मंत्री ने किया सिविल अस्पताल हजीरा बिरला नगर सहित विद्युत केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शनिवार देर रात अचानक निरीक्षण के लिए निकल पड़े। विद्युत उपकेन्द्र मोतीझील और बहोड़ापुर पहुंचे जहां उन्होंने विद्युत वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने मेंटेनेंस, विद्युत सप्लाई और शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपकेंद्र कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों से बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हालात सुधार लें अन्यथा अगली बार सिर्फ चेतावनी नहीं दूंगा, सीधे कार्यवाही होगी। ऊर्जा मंत्री तोमर रात में ही अचानक सिविल अस्पताल हजीरा पहुंचे।



निरीक्षण के दौरान गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में गर्मी के बीच एसी बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अस्पताल प्रबंधन को एसी दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने दो टूक कहा कि अति-संवेदनशील वार्डों में इस तरह की लापरवाही ठीक नहीं है।

उन्होंने मौके से ही अस्पताल प्रभारी डा. प्रशांत नायक को फोन लगाकर तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मंत्री तोमर ने केवल मशीनों का ही नहीं, बल्कि मानव संसाधन का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद डाक्टर से सवाल किया कि रात के समय अस्पताल में कितना स्टाफ तैनात रहता है। इमरजेंसी में बैकअप की क्या तैयारी है। क्या सभी जरूरी जीवन रक्षक दवाएं स्टाक में उपलब्ध हैं। ऊर्जा मंत्री तोमर ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने सिविल अस्पताल एवं प्रसूति गृह बिरला नगर का भी औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

## पांच लाख की इनामी नक्सली ने किया सरेंडर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश के बॉर्डर पर लंबे समय से सक्रिय डीकेएसजेडसी सदस्य लक्ष्मी ने आंध्रप्रदेश के अल्लुरी सीताराम राजू जिले में पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उसके इस कदम से नक्सली संगठन को बड़ा झटका लगा है। लक्ष्मी पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। आंध्रप्रदेश के अल्लुरी सीताराम राजू के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। महिला नक्सली पोडियम लक्ष्मी बीजापुर जिले के उसुर थाना क्षेत्र की निवासी थी। वह डीकेएसजेडसी की सदस्य थी और लंबे समय से छत्तीसगढ़ व आंध्रप्रदेश बॉर्डर में सक्रिय थी। उसने पुलिस अधिकारियों के समक्ष हथियार डाले। पुलिस अधिकारियों ने उसे मुख्यधारा में जोड़ते हुए पुनर्वास राशि भी सौंपी।



### कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही घटना की जांच

## छग सशस्त्र बल के जवान ने की खुदकुशी फांसी पर लटका मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) जवान के खुदकुशी का मामला सामने आया है। जवान की लाश फांसी पर लटकी मिली है। उसकी पहचान जागेश्वर प्रसाद के रूप में हुई है, जो भटगांव का रहने वाला था। मामला कोतवाली थाने क्षेत्र का है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जवान जागेश्वर का शव फांसी के फंदे से लटके मिला। शव को नीचे उतारकर पंचनामा किया गया फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना को लेकर पड़ोसियों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि जवान शहर की पिंक सिटी कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। वह सूरजपुर में पदस्थ था। हाल ही में वह बंगाल और असम चुनाव ड्यूटी से छुट्टी लेकर वापस आया था। जवान के इस आत्मघाती कदम से बटालियन परिसर में हड़कंप मचा हुआ है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि जवान शराब पीने का आदि था। परिजनों ने भी उसे शराब पीने से मना किया था। इस बात को लेकर घर पर विवाद भी हुआ था। इसके बाद उसने कथिततौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पूरे परिवार में शोक की लहर है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच की जा रही है।



## होल्ड पदों पर नियुक्ति को लेकर जीतू ने अभ्यर्थियों को दिया खुला समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग के 13 प्रतिशत होल्ड पदों को लेकर एक बार फिर राजनीति तेज हो गई है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भोपाल स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने 13 प्रतिशत होल्ड पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों से मुलाकात कर उन्हें कांग्रेस का समर्थन दिया। इस दौरान प्रदेशभर से पहुंचे ओबीसी अभ्यर्थियों ने शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, एमपीपीएससी सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में होल्ड रखे गए पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।



अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्षों से भर्ती प्रक्रियाएं लंबित हैं, लेकिन सरकार अब तक समाधान नहीं निकाल सकी है। दरअसल, मप्र में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। इसी वजह से सरकार ने कई भर्ती प्रक्रियाओं में ओबीसी वर्ग के 13 प्रतिशत पदों को होल्ड कर रखा है। शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018, 2020 और 2023, पुलिस भर्ती, एमपीपीएससी तथा अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में हजारों युवाओं के परिणाम और नियुक्तियां प्रभावित हुई हैं। इन्हीं मांगों को लेकर "13 प्रतिशत होल्ड अभ्यर्थी संघ" द्वारा प्रदेशव्यापी आंदोलन आयोजित किया गया। धरना स्थल पर अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 45 डिग्री की भीषण गर्मी में ओबीसी वर्ग के युवा अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। भाजपा सरकार सामाजिक न्याय और आरक्षण की भावना को कमजोर करने का काम कर रही है।

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था, लेकिन भाजपा सरकार ने उसे लागू करने में गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अदालत में प्रभावी पैरवी नहीं की, बार-बार वकीलों के पैनल बदले गए और कई बार सुनवाई के दौरान सरकारी पक्ष की ओर से उचित प्रतिनिधित्व तक नहीं हुआ।

## माओवादियों के छिपाई गए विस्फोटक सामग्री, हथियार व अन्य खतरनाक उपकरण बरामद

### डोडीतुमनार के जंगल-पहाड़ी इलाके में बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

थाना गंगालूर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोडीतुमनार के जंगल-पहाड़ी इलाके में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस सहायता केंद्र पीडिया और थाना गंगालूर की संयुक्त टीम ने सर्चिंग अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा पूर्व में छिपाकर रखी गई बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, हथियार और अन्य उपकरण बरामद किए हैं।



**बरामद सामग्री संख्या**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | होंडा कंपनी के जनरेटर | 2 नग |
| 2 | लेथ मशीन | 2 नग |
| 3 | इन्वर्टर | 1 नग |
| 4 | बैटरी | 4 नग |
| 5 | छोटी बैटरी | 1 नग |
| 6 | सोलर प्लेट | 8 नग |
| 7 | मोटर | 1 नग |
| 8 | वेल्डिंग मशीन | 1 नग |
| 9 | ड्रिल मशीन | 1 नग |
| 10 | देशी बीजीएल लांचर | 1 नग |
| 11 | बीजीएल सेल | 29 नग |

**संयुक्त टीम ने इलाके में चलाया सर्चिंग**

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि डोडीतुमनार पटेलपारा पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों ने सामग्री छिपा रखी है। सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने इलाके में सर्चिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान जंगल में जमीन के अंदर छिपाकर बनाया गया एक बंकर मिला। सुरक्षा जांच और डिमाइनिंग प्रक्रिया पूरी करने के बाद बंकर से बड़ी मात्रा में संदिग्ध सामग्री बरामद की गई। बरामद सामग्री में होंडा कंपनी के दो जनरेटर, दो लेथ मशीन, एक इन्वर्टर, चार बैटरियां, एक छोटी बैटरी, आठ सोलर प्लेट, एक मोटर, एक वेल्डिंग मशीन और एक ड्रिल मशीन शामिल हैं।

### फावड़े से किया हमला, पुलिस ने पकड़ा

## दो भाइयों में मामूली बात को लेकर विवाद, छोटे ने की बड़े भाई की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भिलाई नगर थाना क्षेत्र के रूआबांधा स्थित मायानगर एचएससीएल कॉलोनी में एक दुखद घटना हुई है। दो भाइयों के बीच हुए मामूली विवाद ने हत्या का रूप ले लिया। छोटे भाई ने बड़े भाई के सिर पर फावड़े से हमला किया। इस हमले से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक अशोक यादव था और आरोपी उसका छोटा भाई मनोज यादव है।

दोनों भाई मजदूरी का काम करते थे और एक साथ रहते थे। उनके बीच अक्सर छोटी-छोटी बातों पर विवाद होता रहता था। रविवार शाम को भी दोनों भाइयों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान मनोज यादव शराब के नशे में था। विवाद इतना बढ़ गया कि मनोज ने पास रखा फावड़ा उठा लिया। उसने अशोक के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया।



पड़ोसियों ने पुलिस को जानकारी दी। युवक को दुर्ग जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे रायपुर के मेकाहारा अस्पताल रेफर किया। हालांकि, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी मनोज यादव को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शानो-शौकत से निकला शाही संदल जुलूस
## हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल बना आयोजन

**जबलपुर। दरगाह हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा दरगाह में आयोजित उर्स के अवसर पर रविवार को शाही संदल जुलूस पूरे अकीदत, जोश और शानो-शौकत के साथ निकाला गया। दोपहर 4 बजे नया मोहल्ला स्थित मरहूम चाँद खाँ के मकान से शुरू हुए इस ऐतिहासिक जुलूस ने संस्कारधानी जबलपुर की गंगा-जमुनी तहज़ीब और कौमी एकता का शानदार संदेश दिया।**



शाही संदल जुलूस की कयादत सज्जादानशीन बाबर खाँ बंदानवाजी एवं खादिम-ए-आला चंगेज़ खान अशरफी ने की। जुलूस में शहर सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए सभी धर्मों के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक शिरकत की।करीब एक किलोमीटर लंबे इस जुलूस में सजे-धजे ई-रिक्शों पर लहराते हरे परचम आकर्षण का केंद्र बने रहे। तख्तियों पर बुजुर्गाने दीन के अनमोल कौल और पैगाम लिखे गए थे, जो अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश दे रहे थे। बैंड-बाजे, भांगड़ा दल, सजी हुई बग्गियां और शहनाई की नातिया धुनों ने माहौल को पूरी तरह रूहानी रंग में रंग दिया। अकीदतमंदों ने कव्वालों पर नज़राना पेश कर अपनी अकीदत का इज़हार किया। जुलूस में शेर और घोड़ी की बनी हुई पारंपरिक वेशभूषा में शामिल कलाकारों और हैरतअंगेज़ करतब दिखाने वाले फनकारों ने लोगों का भरपूर ध्यान आकर्षित किया। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का इस्तकबाल कर फूल बरसाए और कौमी एकता की मिसाल पेश की। वहीं सूफी हज़रात और विभिन्न धर्मों के लोगों की मौजूदगी ने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के पैगाम को और मजबूत किया। जुलूस बड़ी ओमती, छोटी ओमती, पेशकारी और तहसील क्षेत्र से होते हुए दरगाह शरीफ पहुँचा, जहाँ मज़ार शरीफ़ पर चादरपोशी की गई। इसके बाद नज़र-ओ-नियाज़ पेश कर लंगर तबर्रुक का वितरण किया गया।

### मलंगों के रूह कंपा देने वाले करतब बने खास आकर्षण

जुलूस में शामिल मलंग हज़रात ने अपने सूफियाना अंदाज़ और हैरतअंगेज़ करतबों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नागपुर से आए मशहूर मलंगों ने पारंपरिक अंदाज़ में अपने जिस्म पर कोड़े बरसाकर इश्क-ए-औलिया और अकीदत का अनोखा प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए रास्तों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मलंगों की दमदार मौजूदगी, जोशीले नारों और सूफियाना रंग ने पूरे माहौल को जज्बाती और रूहानी बना दिया। उर्स के मौके पर सोमवार रात दरगाह शरीफ़ में मशहूर कव्वाल रफीक आफताब साबरी की शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया है। सज्जादानशीन बाबर खाँ बंदानवाजी एवं खादिम-ए-आला चंगेज़ खान अशरफी ने तमाम अकीदतमंदों के लिये भारी व्यवस्थाएं की ।



# संकीर्तन में नृत्य के साथ दृष्टव्य हुआ वृंदावन जैसा नजारा

**जबलपुर।** चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम के तत्वावधान में ज्येष्ठ मास के पावन अवसर पर फूटाताल स्थित देवीरथ काली माता मंदिर में डॉ. ऋषभ मनोज गुलाबवानी के सौजन्य से संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे के सानिध्य में प्रातः भव्य हरिनाम संकीर्तन सुमधुर धुन नृत्य की भव्यता, हर्षोल्लास के साथ मंगलआरती कर संपन्न हुआ। संयोजक देवेन्द्र नेमा ने बताया कि हरिनाम संकीर्तन दैनिक जीवन का एक हिस्सा होना चाहिए। प्रत्येक घर परिवार में दैनिक सत्संग से नई ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य पं. देवेंद्र त्रिपाठी, प्रभाकर चतुर्वेदी, मुकेश राठौर, सत्यप्रकाश नामदेव, केएल दीक्षित, सुरेन्द्र गिरी, सत्यप्रकाश नामदेव, मोहित तिवारी, मंगलसिंह पटेल, अमित विश्नोई, मोनी विश्वकर्मा, राजेंद्र सोनी, सत्यनारायण दुबे, विशाल पंड्या, राजेश असाटी, अवधेश गौतम, रंजीत राय, नरेश कहार, महेंद्र नामदेव, शिवम नामदेव, प्रकाश गुलाबवानी, बालकिशन नामदेव, देवेंद्र नेमा आदि उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जाति आयोग अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव का किया स्वागत

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त पूर्व विधायक डॉ कैलाश जाटव का अहिरवार विकास संस्था द्वारा राधाकृष्ण वार्ड में एक स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास जी एवं बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। अहिरवार विकास संस्था के एड. तरुण रोहितास ने कहा कि डॉ. कैलाश जाटव के एससी आयोग के अध्यक्ष बनने से पूरे प्रदेश में, समाज में हर्ष व्याप्त है, उनसे आशा है कि अनुसूचित वर्ग के साथ हो रहे अन्याय, अत्याचार, शोषण जैसे गंभीर मामलों को प्राथमिकता से ध्यान देंगे और इस वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत रहेंगे। संस्था के पदाधिकारियों ने डॉ. जाटव का आतिशबाजी, फूलमाला से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. जाटव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेरे दरवाजे समाज के लोगों के लिए 24 घंटे खुले हुए हैं, समाज में एकता, भाईचारा बना रहे, लोग संगठित रहें इस बात का ध्यान रखना होगा। सामाजिक सक्रिय साथियों की मदद करें मुझसे जितना अच्छे से अच्छा हो सकेगा मैं पूरी ताकत से पूर्ण करने का प्रयास करूंगा। डॉ. जाटव सपत्नीक पधारे उनकी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर उपस्थित सामाजिक सदस्यों, माता-बहनों के साथ केक काटकर वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन एड. तरुण रोहितास ने किया, आभार प्रदर्शन शेरू अहिरवार ने किया। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष आरडी चौधरी, दास प्रसाद अहिरवार, कैलाशनाथ अहिरवार, प्रकाश अहिरवार, मोहन अहिरवार, प्रहलाद ठेकेदार, हरीश लड़ियां, संजय अहिरवार, अशोक रोहितास, शशिकांत अहिरवार, महेश अहिरवार, योगेश जाटव, शिवा चौधरी, शिवेंद्र जाटव, ओमप्रकाश अहिरवार, रतन अहिरवार, राजकुमार रोहित आदि उपस्थित थे।



### मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा पक्षियों के लिए सुरक्षा पात्र वितरित

# जो बोल नहीं पातीं, उनका पेट भरना भी है मानव सेवा

**जबलपुर।** सदर स्थित टैगोर गार्डन में आज मानवता और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन मानव अधिकार एवं अपराध निवारण संगठन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए सौ से अधिक सुरक्षा एवं जल-पात्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पक्षियों के संरक्षण एवं उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करना था।इस अवसर पर कार्यक्रम का शीर्षक "जो बोल नहीं पातीं, उनका पेट भरना भी मानव सेवा है" रखा गया, जिसने उपस्थित लोगों को भावुक एवं प्रेरित किया। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य को भोजन और पानी की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार गर्मी के मौसम में पक्षियों को भी सुरक्षित वातावरण और पानी उपलब्ध कराना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में समाजसेवी एवं संगठन के प्रतिनिधियों ने लोगों से अपने घरों, दुकानों एवं बगीचों में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की अपील की। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और उनकी सुरक्षा करना सामाजिक दायित्व है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. अजय वाधवानी, एडवोकेट आशीष त्रिपाठी, एडवोकेट भावना निगम, डॉ. अशोक मेथवानी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. स्नेहा मेथवानी, डॉ. कमल विश्वास, डॉ. एस.के. जैन, डॉ. श्रीकांत साहू, डॉ. अभिजीत जैन सहित योग गुरु शंकर लाल जड़िया एवं गार्डन के अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक एवं मानवीय कार्यक्रम समाज में संवेदनशीलता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पक्षियों की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।



### अंचल के दौरे में गरजे राहुल भैया

# किसानों और संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**मंडला।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह राहुल मंडला जिले के दौरे पर पहुंचे, यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद किया, जनसभाओं को संबोधित किया, संगठन के कार्यों की समीक्षा की एवं मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर विधायक रजनीश सिंह, विधायक नारायण पत्ता, जिला संगठन प्रभारी जगदीश सैनी, मंडला प्रभारी सैय्यद ताहिर अली सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

मंडला प्रभारी ताहिर अली ने बताया कि बालाघाट से मंडला पहुंचने के दौरान नैनपुर में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों, युवाओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में लोगों ने मंडला-नैनपुर रेल लाइन के विस्तारीकरण और डबल लाइन निर्माण की मांग उठाई। साथ ही आरबीसी कैनाल शुरू करने, डिठौरी पठार क्षेत्र में अस्पताल, कॉलेज और सिंचाई सुविधाएं बढ़ाने तथा नैनपुर में विज्ञान स्नातकोत्तर (एमएससी) की पढ़ाई शुरू करने की मांग भी रखी गई। किसानों ने गेहूं खरीदी में अव्यवस्था, तुलाई में देरी, सर्वर की समस्या और खाद की कमी को लेकर अपनी परेशानी बताई। किसानों का कहना था कि अव्यवस्था के कारण उन्हें अपनी फसल कम दामों में बेचनी पड़ रही है। इस दौरान अजय सिंह राहुल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का काम करता है।



### कांग्रेसजनों से मुलाकात

अजय सिंह राहुल ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और सभी साथियों को साथ लेकर चलने पर जोर दिया। उन्होंने पंचायत, वार्ड, मंडलम, ब्लॉक और जिला स्तर पर संगठन मजबूत करने की बात कही। दिठौरी, नैनपुर और मंडला में कांग्रेस नेता संतोष उईके के प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनी गईं और संगठन को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिलाध्यक्ष अशोक मर्सकोले और पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन को मजबूत करने की अपील की गई।

# खाकी के रसूख तले दबा न्याय : मझौली पुलिस पर 'वर्दी' के दुरुपयोग और झूठी प्राथमिकी दर्ज कराने का गंभीर आरोप

**सपा नेता ने एसपी से की शिकायत; डॉयल 112 के चालक के इशारे पर वृद्ध से मारपीट और अवैध हिरासत का मामला गरमाया**



**जबलपुर।** संस्कारधानी के मझौली थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। राजस्व के एक विवाद में पुलिस द्वारा कथित तौर पर 'अवैध' हस्तक्षेप करते हुए न केवल एक गरीब परिवार के साथ बर्बरता की गई, बल्कि उन पर दबाव बनाने के लिए गंभीर धाराओं में झूठा प्रकरण भी दर्ज कर दिया गया। इस मामले में समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक (SP) को शिकायत सौंपकर दोषी पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### क्या है पूरा मामला?

शिकायत के अनुसार, ग्राम शंकरगढ़ कॉलोनी निवासी मोहम्मद मजीद के पास शासन द्वारा आवंटित वैध पट्टे हैं, जिस पर वे निर्माण कार्य करा रहे थे। आरोप है कि डॉयल 112 के चालक 'मोहम्मद' के प्रभाव में आकर मझौली थाने के पुलिसकर्मी मुकेश ठाकुर, सुनील और रोहित जैन ने मौके पर पहुँचकर न केवल निर्माण कार्य रुकवाया, बल्कि प्रार्थी के वृद्ध पिता के साथ अभद्रता और मारपीट भी की।

### 3.5 घंटे अवैध हिरासत और 'झूठा' मुकदमा

शिकायतकर्ता का आरोप है कि पुलिस प्रार्थी और उसके पुत्र को जबरन थाने ले गई और साढ़े तीन घंटे तक अवैध रूप से बैठाए रखा। हद तो तब हो गई जब उन्हें डराने के लिए भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 170, 126 (B) और 135(3) के तहत फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया। सपा नेता आशीष मिश्रा ने कहा कि राजस्व के मामलों में पुलिस का हस्तक्षेप पूरी तरह से असंवैधानिक है।

### सीसीटीवी फुटेज खोलेंगे पोल

सपा नेता ने मांग की है कि मझौली थाने के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि प्रार्थी को कितनी देर और किस आधार पर थाने में प्रताड़ित किया गया। आरोप है कि यह पूरी साजिश जमीन हड़पने के उद्देश्य से रची गई है।

# पंजाबी समाज द्वारा संजय अरोरा को सम्मानित किया गया
## संजय अरोरा ने पंजाबी समाज को गौरवान्वित किया

**जबलपुर।** पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के सदस्य संजय अरोरा, अधीक्षण अभियंता, म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के शहर वृत्त जबलपुर ने राजस्व वसूली एवं बकाया राशि प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे मध्यप्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। श्री अरोरा की कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और विभाग के प्रति समर्पण अन्य अधिकारियों के सहयोग की सराहना करते हुए पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के द्वारा संस्था भवन में 10/05/2026 को एक कार्यक्रम आयोजित कर श्री अरोरा को मंच पर शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।



पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के जनसंपर्क अधिकारी उमेश शर्मा ने बताया कि संजय अरोरा को कलेक्टर जबलपुर के द्वारा भी उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया है। उसी के साथ पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन, पंजाबी महिला समिति एवं पंजाबी यूथ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में श्री अरोरा एवं उनके परिजनों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष नरेन्द्रपाल मलिक, राजीव ओबेराय, उमेश शर्मा, उमेश खुराना, राकेश गुप्ता, आर.के. कपूर, पंकज सेठी, सुधीर मेहता, गुलशन माखीजा, अंशुल मलिक, संजीव गुलाटी, दीपक चंडोक, दीपक वर्मा, आशीष खुराना, भारत कपूर, प्रमोद मरवाहा, नरेन्द्र धमीजा सहित महिला समिति की ऊषा खुराना, अनीता आही सहित अनेक महिला समिति एवं यूथ क्लब के सदस्य उपस्थित थे।



# सुरक्षा अभियान चलाकर यात्रियों को किया सचेत

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक रेल सुंदर सिंह कनेश के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी एवं पुलिस उप अधीक्षक अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत द्वारा रेलवे स्टेशन जबलपुर में आरपीएफ जबलपुर के साथ संयुक्त सुरक्षा अभियान चलाया जाकर रेलवे स्टेशन जबलपुर, आउटर, मुसाफिरखाना, यात्री ट्रेन में यात्रियों को अनाउंसमेंट के माध्यम से निम्न समझाईस दी गई- लगेज को लॉक करें, बैग और सूटकेस पर मजबूत ताला लगाएँ। कीमती सामान पास रखें मोबाइल, पर्स, गहने जैसी चीजें हमेशा अपने पास रखें, सीट के नीचे या ऊपर खुले में न रखें। खिड़की से दूर रहें, चलती ट्रेन में खुले खिड़की के पास मोबाइल या बैग न रखें, चोर हाथ डालकर सामान खींच सकते हैं। सतर्कता रखे, भीड़ में सावधान रहें, छुट्टियों में ट्रेन में भीड़ अधिक होती है, ऐसे समय चोरी की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। अजनबियों से सतर्क रहें, खाने-पीने की चीजें या मदद के बहाने पास आने वालों से सावधान रहें। सोते समय सावधानी रखें, रात में सोते समय बैग को चेन से सीट से बाँध दें। मोबाईल चोरी होने की स्थिति में तत्काल सिम बंद कराएं ताकि ऑनलाइन फ्रॉड होने से बचा जा सके। चेकिंग के दौरान ख़ैरियत रही।


कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/28
दिनांक:- 11/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिविर अग्रवाल पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल ने मकान नं.-कृति कम्पाउंड पिन-1000438017 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 814+814 व.फु., प्रथम तल 814 व.फु., द्वितीय तल 884 व.फु. मृत्यू प्रमाणपत्र / वसीयतनामा / खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/30
दिनांक:- 11/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय कुमार इन्दुरख्या पिता स्व. श्री नारायण दास इन्दुरख्या ने मकान नं. 2644/6 यूनिट-300 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 2313.4 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/31
दिनांक:- 11/05/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजय कुमार इन्दुरख्या पिता स्व. श्री नारायण दास इन्दुरख्या ने मकान नं. 2644/6 यूनिट-300 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती तृतीय तल 2313.4 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर